संक्षिप्त

रथ यात्रा महोत्सव आज

श्रीमाधोपुर, (निसं)। श्रीमाधोपुर में शनिवार को भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव मनाया जाएगा। मंदिर श्री गोपीनाथजीका के महंत मनोहर शरण दास ने बताया कि गोपीनाथ जी के मंदिर में दोपहर 12 से श्री जगन्नाथ कथा का आयोजन किया जाएगा वहीं दोपहर 2 बजे से मंदिर गोपीनाथ जी के मंदिर से भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा प्रारंभ होगी। सायंकाल 7 बजे समापन व महा आरती का आयोजन किया जाएगा। मंदिर में सायंकाल 5:15 बजे से सभी भक्तों के लिए महाप्रसाद का आयोजन रखा गया है। बताया गया है कि भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा जी विशाल 21 फीट ऊंचे रथ में विराजमान होकर नृत्य मय संकीर्तन व लवाजमे के साथ रथयात्रा निकाली जाएगी।

8 लाख 35 हजार वसूले

निवाई, (निसं)। विद्युत वितरण निगम द्वारा चलाए जा रहे राजस्व वसूली अभियान के तहत विद्युत उपभोक्ताओं के बकाया लाखों रूपये की वसूली की गई एवं 56 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटे गए। विभाग के सहायक अभियंता कैलाशचन्द माली ने बताया कि राजस्व वसूली अभियान को लेकर कनिष्ठ अभियंता राघव अग्रवाल, लक्की गोठवाल एवं अभियांत्रिक पर्यवेक्षक मनोजलाल मीणा एवं राजेश शर्मा मय टीम के विद्युत उपभोक्ताओं की बकाया राशि 8 लाख 35 हजार रूपये की वसूली की गई एवं 56 उपभोक्ताओं के 1 लाख 65 हजार रूपये बकाया होने पर उनके विद्युत कनेक्शन काटे गए।

देशी शराब बेचता एक जना गिरफ्तार

टोंक, (निसं)। थाना बरोनी थानाधिकारी हरिराम के सुपरविजन में का. गजेन्द्र सिंह मय जाप्ता द्वारा आबकारी अधिनियम में आरोपी चेतन कुमार कीर पुत्र प्रहलाद कीर निवासी मुण्डिया खुर्द तह. दूनी जिला टोंक को देशी शराब के ढोला मारू के 52 पव्वे बेचते गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय अति. न्यायिक मजिस्ट्रेट टोक के समक्ष पेश किया।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी के नेतृत्व में सांसद-विधायकों ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

- प्रदेश में कानून व्यवस्था ठप्प, गूंगी बहरी कांग्रेस सरकार, महिलाओं पर बढ़ रहे हैं अत्याचार : सीपी जोशी
- मुख्यमंत्री की सरपरस्ती में चल रहा है भ्रष्टाचार का खुला खेल : राजेन्द्र राठौड़

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और नेता प्रतिपक्ष राजेंन्द्र राठौड़ के नेतृत्व में सांसदों व विधायकों ने राज्यपाल कलराज मिश्र को ज्ञापन दिया।

जयपुर। प्रदेश की गहलोत सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, महिला एवं दलित उत्पीड़न, पेपर लीक और बदहाल कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा के सांसद और विधायकों की प्रदेश कार्यालय में बैठक आयोजित हुई। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और नेता प्रतिपक्ष राजेंन्द्र राठौड ने इन सभी मुद्दों पर सांसदों और विधायकों को संबोधित किया। उसके बाद भाजपा कार्यालय से पैदल मार्च करते हुए सभी नेता राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने राजभवन पहुंचे।

प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने भाजपा के सांसद और विधायकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार, बलात्कार, दलित उत्पीड़न, रीट भर्ती घोटाला, जलजीवन मिशन घोटाला सहित सैंकडों ऐसे घोटाले और जनविरोधी काम हैं जिनसे प्रदेश की प्रतिष्ठा धूमिल हो गई है। बीकानेर के खाजूवाला में दलित युवती से दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में गहलोत सरकार आरोपियों को गिरफ्तारी से बचा रही है। पुलिस के आला अधिकारी गिरफ्तारी के बजाय आरोपियों को दो दिन तक हिरासत में रखती है। जिस पुलिस पर रक्षा और सुरक्षा का जिम्मा है वह खुद रक्षक बनकर भक्षक का काम कर रही है।

कांग्रेस 2018 विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र में किए सभी वादों से मुकर गई झूंठ और लूट की इस सरकार का खामियाजा जनता भुगत रही है। सीपी जोशी ने बिपरजॉय चक्रवात का हवाला देते हुए कहा कि मौसम विभाग की पूर्व चेतावनी के बावजूद प्रदेश की सरकार जनता को सुरक्षा साधन मुहैया नहीं करा पाई। गुजरात में जहां बिपरजॉय तूफान की गति सौ से डेढ किलोमीटर प्रति घंटा थी, वहीं राजस्थान में महज पचास से साठ किलोमीटर प्रति घंटा उसके बावजूद गुजरात में कोई जनहानि नहीं हुई जबकि राजस्थान में पन्द्रह से अधिक लोग मारे गये और कई रिहायशी क्षेत्र बाढ़ग्रस्त हो गये। उसके बाद भी सरकार पीडित परिवारों को धरातल पर राहत देने के बजाय हवाई सर्वे करके खानापूर्ति करती है।,

गहलोत सरकार पर आरोप लगाते हुए नेता प्रतिपक्ष राजेंन्द्र राठौड ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री की सरपरस्ती में भ्रष्टाचार का तांडव है, जिसमें आईटी घोटाला, खान घोटाला, जल जीवन मिशन घोटाला, पेपर लीक सहित अन्य घोटाले शामिल हैं। लम्पी वायरस के नाम पर सरकार 70 हजार से ज्यादा पीडित पशुपालकों को मुआवजा देने की घोषणा करती है, लेकिन मुआवजा देने के समय यह संख्या घटकर महज 42 हजार हो जाती है। खाजूवाला में पुलिसकर्मी दलित युवती से दुष्कर्म के बाद हत्या के आरोपी के रूप में नामजद होते हैं।

राजेंन्द्र राठौड ने विधायकों से कहा कि आगामी जुलाई माह के दूसरे सप्ताह में मानसून सत्र बुलाया जाएगा। यह सत्र महज सात से आठ दिन का होगा, जिसमें हमें एकजुट होकर भ्रष्टाचार और महिला एंव दलित उत्पीडन के मामलों को प्रमुखता से उठाना है। पूर्व मंत्री एंव विधायक मदन दिलावर के खिलाफ हत्या का फर्जी मामला दर्ज करने जैसी तमाम घटनाओं से भाजपा नेताओं के खिलाफ पक्षपात पूर्ण कार्यवाही करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री एवं सांसद दिया कुमारी, राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़, राजेन्द्र गहलोत, घनश्याम तिवाड़ी, किरोड़ी लाल मीणा, रामचरण बोहरा, निहालचंद मेघवाल, रंजीता कोली, बाबा बालकनाथ, सुमेधानंद सरस्वती, मनोज राजौरिया, सुखबीर सिह, जसकौर मीणा, मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा, कालीचरण सराफ, दिप्ती माहेश्वरी, शोभा चौहान, सुर्याकान्ता व्यास, मदन दिलावर, संजय शर्मा, मनजीत चौधरी और भाजपा प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

करणसर में दिखा मैराथन का जुनून

जयपुर। झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के आशुसिंह सूरपुरा की मुहिम रन फॉर झोटवाड़ा का जुनून करणसर ग्राम पंचायत वासियों के सिर चढ़कर बोला।

स्वच्छ झोटवाड़ा-स्वस्थ झोटवाड़ा की इस पहल को कामयाब बनाने के लिए करणसर के लोगों में ज़बरदस्त उत्साह देखने को मिला। गांव के रघुनाथ जी मंदिर से जनसेवक आशु सिंह सूरपुरा की अगुवाई में शुरू हुई दौड़ में सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासियों ने हिस्सा लिया। जोश और जुनून से लबरेज गांव के बच्चे, युवा और बुजुर्गों ने खक बाबा धाम तक दौड़ लगाकर स्वस्थ रहने का संकल्प लिया। मैराथन के खक बाबा धाम पहुंचने पर आशु सिंह ने खक बाबा के दर्शन कर समस्त क्षेत्रवासियों के अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। मैराथन के समापन के बाद गांव के तमाम मौजीज लोगों ने आशु सिंह सूरपुरा का पगड़ी पहनाकर और फूल मालाओं से ज़ोरदार स्वागत किया। इसके बाद करणसर ग्राम पंचायत में बोर्ड परीक्षाओं में 75 प्रतिशत से ज़्यादा अंक हासिल करने वाले 95 प्रतिभावान विद्यार्थियों को सूरपुरा ने प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर उनका हौसला बढ़ाया। आशु सिंह ने सूरपुरा पेंशन योजना के तहत गांव के 11 ज़रूरतमंदों को तीन तीन महीने के पेंशन देकर सहायता प्रदान की। आपको बता दें कि आशु सिंह सूरपुरा द्वारा झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के हर ग्राम पंचायत में रन फॉर झोटवाड़ा और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

प्रतिभाओं को सम्मानित किया

श्रीमाधोपुर, (निसं)। निकटवर्ती गांव मऊ में सर्व समाज के बैनर तले बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि युवाम के निदेशक मान सिंह शेखावत थे। अध्यक्षता डॉक्टर माधव सिंह ने की। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मान सिंह शेखावत ने कहा कि ग्रामीण अंचल में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। लेकिन उचित मार्गदर्शन व संसाधनों के अभाव में प्रतिभावान विद्यार्थी सही करियर का चयन नहीं कर पाते। समारोह में डॉक्टर मंगल यादव, श्याम चौधरी, प्रधानाचार्या ममता अग्रवाल, प्रधानाचार्य हनुमान सहाय, प्रोफेसर अर्जुन मावलिया, सहित अतिथियों ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया।

कोर कमेटी की बैठक संपन्न

- आगामी कार्यक्रमों पर हुई चर्चा
- पूर्व मुख्यमंत्री नहीं हुई शामिल

जयपुर। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में शुक्रवार को कोर कमेटी की बैठक आयोजित हुई।

प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि कोर कमेटी की बैठक में केन्द्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को लेकर यह माह महासम्पर्क अभियान से लेकर अनेकों योजनाओं को लेकर चर्चा हुई। अगले माह राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के प्रवास कार्यक्रम आयोजित होंगे। सीपी जोशी ने कहा कि पिछले साढे चार वर्षों में बदहाल कानून व्यवस्था, महिला एवं दलित उत्पीडन, भ्रष्टाचार, आपदा प्रबंधन के दावों की पोल खुलना, रीट एवं योजना आयोग में नकदी मिलना जैसे मुद्दों पर आगामी माह प्रदेश भाजपा गहलोत सरकार का घेराव करेगी। बैठक में उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनियां शामिल हुये, जिसमें मिशन 2023 एवं मिशन 2024 सहित प्रदेश के संगठनात्मक और जनहित के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रदेश भाजपा कोर कमेटी बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह, राष्ट्रीय मंत्री एवं प्रदेश सह प्रभारी विजया रहाटकर, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी, वरिष्ठ नेता एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी ओम प्रकाश माथुर, राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर, प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, सांसद राजेंद्र गहलोत इत्यादि मौजूद रहे।

सार-समाचार

यूनिफॉर्म सिविल कोड पर गोष्ठी

जयपुर। भारत के 22वें विधि आयोग (लो कमीशन) द्वारा समान नागरिक संहिता (यूनिफॉर्म सिविल कोड) विषय पर आम नागरिकों से सुझाव व विचार आमंत्रित किए गए हैं। इस संबंध में शुक्रवार को दी डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन जयपुर के सभागार में अधिवक्ताओं की एक गोष्ठी समान नागरिक संहिता पर विचार विमर्श हेतु रखी गई। कार्यक्रम की प्रस्तावना सुरेंद्र सिंह रुका एडवोकेट द्वारा रखे जाकर बताया कि 26 नवम्बर 1949 को संविधान बना, तब अनुच्छेद 44 में आम जन के लिए समान नागरिक संहिता का प्रावधान रखा लेकिन अभी तक लागू क्यों नहीं किये गये एवं लागू करने के लिए लो कमीशन को अधिवक्ताओं की ओर से दिए जाने हेतु सुझाव माँगे। मुख्य वक्ता पुनीत कर्नावट द्वारा बताया गया है कि अनुच्छेद 14, 15, 21 की मंशा समान नागरिक संहिता के लागू होने पर ही भावना अनुरूप विधि सम्मत रहेगी। सूर्य प्रताप सिंह, विवेक शर्मा बार अध्यक्ष व दुष्यंत सिंह ने भी अपने विचार रखे सतीश शर्मा द्वारा मंच संचालन किया गया है। सुरेश मानका का द्वारा अधिवक्ताओं को धन्यवाद देते हुए लो कमीशन को अधिवक्ताओं की ओर दिए सुझावों को एकत्रित किया। जिन्हें लो कमीशन को भेजे जाएंगे। संगोष्ठी में सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

धनकड़ के जन्मदिन पर कार्यक्रम होंगे

पावटा, (निसं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा और समर्पण अभियान से प्रेरित होकर भाजपा पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड़ का जन्मदिन सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जायेगा। जिसके तहत विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। भाजपा पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड़ ने बताया कि 25 जून से 1 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान में गांव-गांव जाकर ग्रामीणों से संपर्क और संवाद करेंगे। इसके दौरान सेवा कार्यों की भी योजना बनाई गई है। जिसके दौरान 25 जून को शिव निकेतन पब्लिक स्कूल जयसिंहपुरा में सुबह 9 बजे से रक्तदान शिविर व श्री सीता राम मंदिर छितौली में 11 बजे शिल्पकार समान समारोह, 26 जून को मुख्य बाजार खेलना में वरिष्ठ नागरिक समान समारोह, 27 जून को सेवा सुशासन व गरीब कल्याण को समर्पित मोदी सरकार के 9 साल पूर्ण होने पर मुख्य बस स्टैंड मेड में दोपहर 3 बजे जन संवाद कार्यक्रम, 28 जून को राम लीला भवन त्रिवेणी धाम में सुबह 10 बजे संत समाज समान समारोह, 29 जून गुरुवार को पंसारी होटल एण्ड रिसोर्ट में सुबह 10 बजे रक्तदाता सम्मान समारोह , 30 जून को कुशल्या की ढाणी खेल मैदान बीलवाडी में सुबह 10 बजे से माटी कला कलाकार एवं भूत पूर्व सैनिक समान समारोह, सामुदायिक भवन के पास कुहाडा में शाम 4 बजे से श्रमिक सम्मान समारोह, 1 जुलाई को सुबह 7 बजे श्री कृष्ण गौशाला बडनगर में गौ सेवा, बाबा बजरंग दास महाराज मंदिर परिसर कारोली में सुबह 10 बजे वीरांगना सम्मान समारोह, सरकारी अस्पताल के सामने बडनगर में शाम 4 बजे प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा।

स्पेशल ट्रेन के ठहराव की मांग

खैरथल, (निसं)। विधायक दीपचंद खेरिया ने उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर इंदौर भिवानी इंदौर स्पेशल ट्रेन को खैरथल में ठहराव दिलाने की मांग की है। विधायक द्वारा महाप्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे जवाहर सर्किल जयपुर को प्रेषित पत्र में कहा है कि स्पेशल गाड़ी संख्या 09325/26 को नवीन जिला खैरथल में ठहराव देने का आग्रह किया है।उन्होंने पत्र में कहा है कि इंदौर भिवानी इंदौर के बीच स्पेशल गाड़ी संख्या 09325/26 संचालित है। इस गाड़ी को नवीन जिला मुख्यालय खैरथल में ठहराव दिया जाए ताकि भीलवाड़ा चितौड़गढ़ इंदौर तक आने जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिल सके व रेल राजस्व में भी वृद्धि हो सके।

योजनाओं की जानकारी दी

टोंक, (निसं)। शुक्रवार को जिला प्रशासन व एक्शन एड के तत्वावधान में मिशन विमुक्तजन उन्नयन अंतर्गत घुमंतु समुदाय के लोगों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने व पात्र वंचित लोगों को योजनाओं से जोड़ने हेतु जागरूकता शिविर का आयोजन कलंदर बस्ती बहीर में किया गया। जिसमें घुमंतु समुदाय के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कैम्प में सरकार द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही महंगाई राहत शिविरों के बारे में भी विस्तार से बताया। इसके अतिरिक्त बाल अधिकारिता विभाग, अल्पसंख्यक विभाग, चिकित्सा विभाग, श्रम विभाग व सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं के बारे में विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों व एक्शनएड वोलन्टियर्स द्वारा जानकारी दी गई मौके पर ही समस्याओं का निस्तारण किया गया। एक्शनएड समन्वयक जहीर आलम ने बताया कि जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल द्वारा टोंक जिले में विमुक्त, घुमंतु, अर्धघुमंतु एवं अन्य वंचित जातियों को समाज की मुख्यधारा में लाने के उद्देश्य से मिशन विमुक्तजन उन्नयन शुरू किया गया है।

बिना स्वीकृत पद पर कर दिया तबादला, हाईकोर्ट ने लगाई रोक

जयपुर, (निसं)। राज्य सरकार ने राजकीय महाराजा पब्लिक लाइब्रेरी, जयपुर में कार्यरत कनिष्ठ सहायक का कोटपूतली लाइब्रेरी में तबादला कर दिया, लेकिन वहां कनिष्ठ सहायक का पद ही स्वीकृत नहीं है।

ऐसे में कनिष्ठ सहायक की ओर से हाईकोर्ट में राज्य सरकार के इस आदेश को चुनौती दी गई। जिस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कनिष्ठ सहायक के तबादले पर अंतरिम रोक लगाते हुए अतिरिक्त शिक्षा सचिव और भाषा एवं पुस्तकालय विभाग के निदेशक सहित अन्य से जवाब तलब किया है।

जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस अनिल उपमन की खंडपीठ ने यह आदेश शिव शंकर की अपील पर दिए। अपील में अधिवक्ता विजय पाठक ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता राजकीय महाराजा पब्लिक लाइब्रेरी में कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत है। राज्य सरकार ने गत जनवरी माह में उसका तबादल राजकीय पब्लिक जिला लाइब्रेरी कोटपुतली कर दिया। जबकि वहां पर कनिष्ठ सहायक का पद ही स्वीकृत नहीं है। ऐसे में याचिकाकर्ता का तबादला वहां नहीं किया जा सकता। यदि याचिकाकर्ता वहां जाएगा तो भी बिना स्वीकृत पद किसका पदभार ग्रहण करेगा। किसी भी कर्मचारी का तबादला उसी स्थान पर हो सकता है, जहां उस पद का स्वीकृत कैडर हो। याचिका में कहा गया कि पूर्व में इस मामले में उसने सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण में चुनौती दी थी। जिस पर सुनवाई करते हुए अधिकरण ने राज्य सरकार को याचिकाकर्ता का अभ्यावेदन तय करने को कहा था, लेकिन राज्य सरकार ने उसके अभ्यावेदन को खारिज कर दिया। इसलिए उसके तबादला आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगाई जानी चाहिए। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने तबादला आदेश पर रोक लगाते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

कोटपा एक्ट में कार्रवाई की

लालसोट/रामगढ़ पचवारा, (निसं)। उपखंड मुख्यालयों पर शुक्रवार को राष्ट्रीय तंबाकू मुक्त नियंत्रण कार्यक्रम के तहत खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में गठित टीमों द्वारा नियमों के उल्लंघन करते पाए जाने पर करीब एक दर्जन जगहों पर से 540 लोगों पर कार्रवाई करते हुए 1861 रुपए की जुर्माना राशि वसूली गई। टोबेको फ्री यूथ कैपेंन 1 जून से 31 जुलाई तक राष्ट्रीय तम्बाकु मुक्त नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत ब्लॉक रामगढ पचवारा व ब्लॉक लालसोट के अधीनस्थ कार्यरत समस्त चिकित्सा संस्थानों पर कोटपा एक्ट अधिनियम की धारा 4,5,6,7 की पालना में डॉ. धीरज कुमार शर्मा बीसीएमओ लालसोट द्वारा शुक्रवार को प्रति चिकित्सा संस्थान पर 50 चालान काटने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसकी पालना में गठित टीम द्वारा कार्रवाई की गई।

संभागीय आयुक्त ने महंगाई राहत शिविर में गारंटी कार्ड बांटे

संभागीय आयुक्त सीआर मीणा (बीच में) ने महंगाई राहत शिविर में गारन्टी कार्डों का वितरण किया।

मालपुरा, (निसं)। अजमेर संभागीय आयुक्त सीआर मीणा शुक्रवार को मालपुरा क्षेत्र के दौरे पर रहे।

संभागीय आयुक्त ने राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मालपुरा का औचक निरीक्षण कर मुख्यमंत्री चिंरजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, निःशुल्क जांच व दवा योजना, जननी सुरक्षा योजना की जांच कर रोगी वार्डों में साफ-सफाई की व्यवस्थाएं देखी। वार्डों में फैली गंदगी व बिना रंगीन पॉलिथिन के अलग-अलग कचरा निस्तारण की व्यवस्थाएं नहीं होने पर नाराजगी जता व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिये। सीएचसी प्रभारी डॉ. अनिल मीणा से अस्पताल के चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ सहित अस्पताल में अतिआवश्यक सेवाओं की जानकारी जुटाई। जिस पर मौजूद नागरिकों व सीएचसी प्रभारी ने अस्पताल में नये वार्ड का निर्माण करवाने तथा 100 बैड की सुविधाऐं उपलब्ध करवाने के साथ-साथ अस्पताल में सोनोग्राफी एवं ब्लड बैंक की स्वीकृति की बेहद आवश्यकता जताई। साथ ही ट्रॉमा सेन्टर की स्वीकृति के लिए राज्य सरकार को प्रोपजल की मांग की है। डिग्गी मे आंगनबाडी केन्द्र का निरक्षण कर उडान योजना, महिलाओं को नेपकिन वितरण व उसकी गुणवत्ता संबंधी व्यवस्थाऐं जांची। पंचायत समिति परिसर में लगे महंगाई राहत शिविर में लाभार्थियों को मुख्यमंत्री गारन्टी कार्डों का वितरण किया। इस दौरान एसडीएम महिपाल सिंह सहित एएसपी राकेश कुमार बैरवा, डीवाईएसपी सुशील मान,सहित प्रशासनिक अधिकारियो की बैठक ले अतिसंवेदनशील मालपुरा मे शांति व कानून व्यवस्था विशेष फोकस रखने के निर्देश दिये।

पंजाब एण्ड सिंध बैंक (भारत सरकार का उपक्रम)

Punjab & Sind Bank Zonal Office

30-31 Mohan Tower, Prince Road, Vidhyut Nagar jaipur- 302021 Phone No. 0141-2358350,2358628

परिशिष्ट - IV क {नियम 8 (6) परन्तुक देखें} अचल संपत्तियों के विक्रय हेत ई - नीलामी विक्रय नोटिस

प्रतिभूत हित (प्रर्वतन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस आम लोगों को तथा विशेष रूप से ऋणीयों/जमानतदारो को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तिया जो बैंक के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसी है और जो कुछ भी है" के आधार दिनांक 26.07.2023 को बेचा जाएगा। ऋणीयों/जमानतदारो की सम्पत्तियों का विवरण, प्रत्याभूति- दाता आरक्षित मूल्य अग्रिम धनराशि व समय का विवरण निम्न तालिका अनुसार होगा।

क. स.	ऋणीयों/सह-ऋणी/ जमानतदारो का नाम	ज्ञात ऋण भार सहित अचल सम्पत्तियो प्रत्याभूति - दाता का संक्षिप्त ब्यौरा	कुल बकाया राशि	आरक्षित मूल्य अग्रिम धनराशि बोली वृद्धि राशि	सम्पत्तियो के निरीक्षण की दिनाक एंव समय	अग्रिम धनराशि जमा करवाने की अन्तिम दिनांक एंव समय	ई - नीलामी की दिनाक एंव समय
1.	(1) श्रीमती नसीम पत्नी श्री जाकिर हुसैन (2) श्री जाकिर हुसैन पुत्र श्री मोहम्मद नूर खां समस्त निवासी पता- (i) 159, लुहारो का रास्ता, बम्बोर दरवाजा, वार्ड नं. 38, पुरानी टोंक, टोंक, राजस्थान-304001 (ii) फ्लेट नं. जी 02, भूतल, प्लॉट नं. 575 के पीछे की तरफ (उत्तरी भाग का हिस्सा), मुहाना मण्डी के पास, गेट नं. 2, स्वर्ण विहार, मुहाना मण्डी, सांगानेर, जयपुर, राजस्थान-302029 (3) श्री पवन कूमार गुप्ता पुत्र श्री मुरलीधर गुप्ता पता प्लॉट नं. 89ए, जे.एस. कॉलानी, रोड नं. 17, वी.के.आई सीकर राडे, आकेडा डगूंर, जयपुर, राजस्थान-302013	फ्लेट नं. जी 02, भूतल, प्लॉट नं. 575 के पीछे की तरफ (उत्तरी भाग का हिस्सा), मुहाना मण्डी के पास, गेट नं. 2, स्वर्ण विहार, मुहाना मण्डी, सांगानेर, जयपुर में स्थित है जो की श्रीमती नसीम पत्नी श्री जाकिर हुसैन के नाम सें है। जिसका क्षेत्रफल 1163 वर्गफीट (सुपर बिल्टअप ऐरिया) है। चतुर्थ सीमाएं :- उत्तर :-प्लॉट नं. 574, दक्षिण :-प्लॉट नं. 575ए का दक्षिणी शेष भाग, पूर्व :-खुली जगह व 40 फीट रोड पश्चिम:-सीडी व गलियारा व फ्लेट नं. जी-1	रूपये 30,74,293 (अक्षरे रूपये तीस लाख चौहत्तर हजार दो सौ तिरान्वे मात्र) दिनांक 31.05.2023 तक (भविष्य के ब्याज, लागत तथा खर्चे अतिरिक्त)	रू. 24,59,700/- रू. 2,45,970/- रू. 10,000/- प्रति बोली	24.07.2023 को प्रातः 11.00 से दोपहर 3.00 बजे तक	25.07.2023 को सायं 4.00 बजे तक केवाईसी डोक्यूमेंट्स के साथ	26.07.2023 को प्रातः 11.00 से दोपहर 1.00 बजे तक
						शाखा :विवेक विहार, जगतपुरा, जयपुर नोडल अधिकारी श्री मनोज कुमार सांखला मो. 7986137790,9413849166	
2.	(1) श्री विष्णु कुमार गौतम पुत्र श्री कैलाश चंद गौतम, (2) श्रीमती नीलम शर्मा पत्नी श्री विष्णु कुमार गौतम पता (i) फ्लेट नं. एस 2, प्लॉट नं. 1, विनायक विहार, दादू दयाल नगर, इस्कॉन रोड, इस्कॉन मंदिर, मानसरोवर, जयपुर, राजस्थान-302020, पता (ii) 201, डीपी अपार्टमेन्ट, डीपी कॉलोनी, एन.एस. रोड, सोडाला, सांगानेर, जयपुर, राजस्थान-302019, पता (iii) 26, तम्बोलियों का मोहल्ला, दर्जियों की गली, वार्ड नं. 05, उनियारा-डी, टोंक, राजस्थान-304024 पता (iv) एस-10, डीपी अपार्टमेन्ट, प्लॉट नं. 202, डीपी बस्ती, एन.एस. रोड, सोडाला, सांगानेर, जयपुर, राजस्थान-302019 (3) श्री राजू सिंह पुत्र श्री शर्कर सिंह, पता (i) सेक्टर-26/40, प्रताप नगर, एनआरआई कॉलोनी के पास, जयपुर, राजस्थान-302029 पता (ii) गुर्जर पाडा, बयाना, सलाबाद, भरतपुर, राजस्थान-321401, पता (iii) फ्लेट नं. एस 2, प्लॉट नं. सीडी 229, श्रीदादू दयाल नगर, सांगानेर, जयपुर, राजस्थान-302029	फ्लेट नं. एस 2, दितीय तल, प्लॉट नं. 1, विनायक विहार, दादू दयाल नगर, बड मोहनपुरा, मुहाना मंडी रोड, सांगनरे, जयपुर, में स्थित है जो की श्री विष्णु कुमार गौतम पुत्र श्री कैलाश चंद गौतम के नाम सें है जिसका क्षेत्रफल 1250 वर्गफीट (सुपरबिल्टअप एरिया) है।	रूपये 39,25,612 (अक्षरे रूपये उनचालीस लाख पच्चीस हजार छः सौ सतहत्तर एंव पैसे छियालीस मात्र) दिनांक 31.05.2023 तक (भविष्य के ब्याज, लागत तथा खर्चे अतिरिक्त)	रू 30,94,200/- रू. 3,09,420/- रू. 10,000/- प्रति बोली	24.07.2023 को प्रातः 11.00 से दोपहर 3.00 बजे तक	25.07.2023 को सायं 4.00 बजे तक केवाईसी डोक्यूमेंट्स के साथ	26.07.2023 को प्रातः 11.00 से दोपहर 1.00 बजे तक
						शाखा :विवेक विहार, जगतपुरा, जयपुर नोडल अधिकारी श्री मनोज कुमार सांखला मो. 7986137790,9413849166	
3.	(1) मैसर्स इलेक्ट्रानिक्स हाउस जरिये प्रोपराइटर श्री विकास कुमार शर्मा, पंजीकृत कार्यालय- लक्ष्मी मार्केट के पीछे, शेखपुरा मोहल्ला, सीकर, राजस्थान-332001, पत्राचार पता- जी-32 एंव जी-39, भूतल गोल्डन टाईमस्, विधाधर नगर, जयपुर, राजस्थान -302013, (2) श्री विकास कुमार शर्मा पुत्र श्री श्याम सुन्दर शर्मा, (3) श्रीमति नेहा शर्मा पत्नी श्री विकास कुमार शर्मा, पता- कायस्त कालोनी, वार्ड नं. 23, सीकर, राजस्थान-332001, (4) श्रीमति सरला चौधरी पत्नी श्री भवंर चौधरी, पता-फ्लेट नं. बी-19, केन्दीय विहार सेक्टर नं. 6, विधाधर नगर, जयपुर, राजस्थान -302013, (5) श्री विजय उप्पल पुत्र श्री राम सिंह उप्पल, पता- फ्लेट नं. 301, बिल्डिंग नं. 04, गोरव वुड, शुभम रेस्टोरेंट, मीरा रोड ईस्ट, बावरली पार्क थाने, महाराष्ट्र-401107,	प्लॉट नं.ए, स्कीम वेदांत सिटी, ग्राम बगरू कला, तहसील सांगानेर, जयपुर, राजस्थान स्थित है जो कि मैसर्स इलेक्ट्रानिक्स हाउस (प्रोपराइटर श्री विकास कुमार शर्मा) के नाम से है। क्षेत्रफल 420.99 वर्गगज है। चतुर्थ सीमाएं :- उत्तर :- प्लॉट नं. 64 एंव प्लॉट नं. 17, दक्षिण :- 250 फीट चौडी रोड व अन्य भूमि, पूर्व :- 30 फीट चौडी रोड, पश्चिम :- 40 फीट चौडी रोड	रूपये 1,45,43,157.17/- (अक्षरे रूपये एक करोड पेतालिस लाख तयालिस हजार एक सौ सतावन एंव पैसे सत्रह मात्र) दिनांक 31.05.2023 तक (भविष्य के ब्याज, लागत तथा खर्चे अतिरिक्त)	रू. 31,68,000/- रू. 3,16,800/- रू. 10,000/- प्रति बोली	21.07.2023 को प्रातः 11.00 से दोपहर 3.00 बजे तक	25.07.2023 को सायं 4.00 बजे तक केवाईसी डोक्यूमेंट्स के साथ	26.07.2023 को प्रातः 11.00 से दोपहर 1.00 बजे तक
		दुकान नं. जी-32 एंव जी-39, भूतल गोल्डन टाईमस् अपार्टमेन्ट, प्लॉट नं. ए-4, सेन्ट्रल स्पाईन, विधाधर नगर, जयपुर, राजस्थान स्थित है जो कि मैसर्स इलेक्ट्रानिक्स हाउस (प्रोपराइटर श्री विकास कुमार शर्मा), के नाम से है। क्षेत्रफल